तापमान
अधिकतम 26 .6 डिग्री
न्यूनतम 12 .5 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 फरवरी 2025

11 शहीद चंद्रशेखर आजाद को किया नमन


12 शुरू हरियाणा बोर्ड की परीक्षाएं, पर्ची से परेशानी


## खबर संक्षेप

### 3 मार्च तक गांवों में लगेंगे कैंप : उपायुक्त

**सोनीपत।** हर घर-हर गृहिणी योजना के तहत 25 फरवरी से गांव में कैंप लगाए जा रहे है जोकि 3 मार्च तक जारी रहेंगे। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना के तहत अंत्योदय परिवारों को मात्र 500 रूपये में रसोई गैस सिलेंडर दिये जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी को यह कैंप भटगॉव, आहुलाना, चिरस्मी, बिधल, बलि, कथूरा, बूटाना, खानपूर कंला, खेवड़ा, खांड़ा, सिलाना व रोहट में सभी गॉवों के राशन डिपो पर लगाए जाएगे। 3 मार्च को कैंप हरसाना, उलदेपुर, अगवानपुर, बजाना खुर्द, बारोटा, माहरा, बीछपड़ी, बरोदा, रिढ़ाना, राई, नसीरपुर चौलका, गोरड़ व थाना कलां में सभी गांव के राशन डिपो पर लगाए जाएंगे।

### जसविन्द्र पूंडरी सर्वसम्मति से राज्य सह उपाध्यक्ष बने

**गोहाना।** जसविन्द्र पुंडरी को सर्वसम्मति से हरियाणा मनरेगा मेट मजदूर संघ के राज्य सह उपाध्यक्ष चुना गया। इस नियुक्ति को लेकर संघ के प्रतिनिधियों ने उसको फूलों की मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। नवनियुक्त सह उपाध्यक्ष जसविन्द्र ने कहा कि संघ द्वारा उनको सौंपी गई इस जिम्मेदारी का वे ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर संघ के राज्य अध्यक्ष नवीन कुमार, सचिव रविन्द्र, कुलदीप, चांदी राम, बलवान, राजौंद से मुकेश, शमशेर, सुनीता, नीलम, सुमन व पूजा मौजूद रहे।

### युवती से दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना सोनीपत पुलिस ने शादी का झांसा देकर लड़की से दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दिव्यांश निवासी रोहणी दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक लड़की ने गत 13 फरवरी को मुरथल थाने मे शिकायत देकर बताया कि उसने अपना मकान बेचना था। जिसके चलते उसकी मुलाकात दिव्यांश नाम के प्रॉपर्टी डीलर से हुई। उसके बाद दोनों की बाते होती रही। पीड़िता ने बताया कि आरोपित ने उसे शादी का झांसा दिया। उसे मिलने के लिए मुरथल क्षेत्र में बुलाया। जहां उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया।

### जीटी रोड पर गैंगवार, पुलिस के लिए चुनौती बन रहा अपराध, सरेआम हो रही वारदात

# अल सुबह से गूंजने लगी थी गोलियों की आवाज, सजा काट रहे बदमाश का मर्डर

- उम्रकैद की सजा काट रहे युवक पर बरसाई गोली, दूसरा साथी जिंदगी व मौत के बीच में जूझ रहा
- गांव गुहणा का रहने वाला मृतक दीपक, अपराध की दुनिया से जुड़ा रहा
- वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार, घायल को पुलिस ले गई अस्पताल





**सोनीपत।** वारदात के बाद अस्पताल व घटनास्थल स्थल पर जांच करते हुए पुलिस की टीम। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला सोनीपत में अपराधिक वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। बृहस्पतिवार अल सुबह करीब तीन बजे से बदमाशों की गोलियां जिले में चलने के साथ देर शाम को ढाबे पर बदमाश की हत्या होने व उसके साथ को घायल करने पर जाकर थमी। गोली बारी में जहां मिष्ठान भंडार से रंगदारी मांगने के तीन बदमाशों को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया। वहीं दर शाम को जीटी रोड पर हिस्ट्री शीटर व उम्रकैद की सजा काट रहे बदमाश की मौत हो गई वहीं उसका दूसरा साथी जिंदगी व मौत के बीच में जूझ रहा है। पुलिस की टीमें आपराधिक वारदातों को कम करने का प्रयास कर रही है वहीं आपस में गैंगवार से जिला सोनीपत गोलियों की आवाज से गुंज रहा है।

### दीपक कई मामलों में आरोपित था



मृतक का फाइल फोटो

दीपक गुहणा हत्या, हत्या के षड्यंत्र व लूट समेत करीब 15-16 मामलों में नामजद रहा है। सोनीपत में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या में उसे उम्रकैद की सजा हो चुकी है। साथ ही कुख्यात संदीप बड़वासनी हत्याकांड में षड्यंत्र रचने में भी उसका आया था। उसकी पानीपत के कुख्यात राकेश उर्फ पंपू से भी दुश्मनी रही है। दीपक की गैंगवार में हत्या किए जाने की आशंका है। हालांकि पुलिस ने अभी जांच किए जाने की बात कह रही है। साथ ही चर्चा रही कि वारदात के दौरान दीपक गुहणा पक्ष की तरफ से भी फायरिंग की गई, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। पुलिस को भी इसे लेकर कोई सबूत नहीं मिला है।

### ताबड़तोड़ गोलियां मारी

गांव गुहणा का रहने वाला दीपक अपने साथी मुरथल के रहने वाले मंदीप के साथ एक मुकदमें में पेशी के लिए दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में गया था। शाम के समय दोनों वापस लौट रहे थे तो कुमासपुर के पास स्थित वीर ढाबे पर रुका था। इसी दौरान गाड़ी में सवार होकर आए बदमाशों ने दोनों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। ढाबे पर मौजूद लोगों ने इधर-उधर भाग कर खुद को बचाया। वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना के बाद एसीपी अजीत सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों को घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां दीपक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि मनदीप का इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक दीपक पर 10 मार्च, 2014 में शाहपुर तुर्क के पूर्व सरपंच के भाई और प्रापर्टी डीलर विनोद की हत्या का आरोप लगा था। इसके अलावा दीपक पर कई अन्य वारदातों में शामिल होने का भी आरोप था। गिरफ्तारी के बाद दीपक को विनोद हत्याकांड में उम्रकैद की सजा हुई थी। इसके बाद दीपक नवंबर, 2024 में जमानत पर जेल से बाहर आया था। इसके बाद वह अब दिल्ली के एक केस में कोर्ट में पेशी पर गया था। बृहस्पतिवार को वापस लौटते समय गैंगवार की भेंट चढ़ गया।

### पंपू गैंग पर आरोप, पहले बच गया था दीपक

मिली जानकारी के अनुसार दीपक गुहणा को जिस विनोद हत्याकांड में उम्रकैद काट रहा था। वह पानीपत के सिवाह की पंपू गैंग के सरगना राकेश उर्फ पंपू का जीजा था। दीपक गुहणा को पहले भी मारने का प्रयास हो चुका था। जब पंपू गैंग के सरगना राकेप पंशू का भाई दीपक सिवाह सात साल पहले साथियों सहित सोनीपत कोर्ट में पेशी के दौरान उसे मारने पहुंचा था। हालांकि समय रहते सीआइए ने कोर्ट परिसर में आरोपित को दबोच लिया था। जिससे हत्या की साजिश विफल हो गई थी। राकेश पंपू और दीपक गुहणा कभी दोस्त हुआ करते थे। हालांकि फिलहाल स्पष्ट नहीं है कि दीपक की हत्या पंपू गैंग ने की है या किसी अन्य रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया है।

### संदीप बड़वासनी हत्याकांड में भी आया था दीपक का नाम

संदीप बड़वासनी हत्याकांड में भी दीपक गुहणा का नाम सामने आया था। केस में उसकी गिरफ्तारी भी हुई थी। संदीप की हत्या से कुछ दिन पहले ही दीपक ने साथियों के साथ मिलकर तिहरे हत्याकांड को अंजाम दिया था। पकड़े जाने पर उसने संदीप बड़वासनियों के निशाने होने की बात पुलिस के सामने कही थी। संदीप बड़वासनी की पत्नी ने एफआइआर दीपक का नाम भी दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस ने उसे प्रोडक्शन वारंट पर लिया था।

### जल्द गिरफ्तारी

पुलिस की टीमें अपराधिक वारदातों को कम करने का प्रयास कर रही है। अपराधिक वारदातों को अंजाम देने के आरोपितों को जल्द से जल्द पकड़ने का प्रयास पुलिस की टीमें करती है। जीटी रोड पर हुई वारदात में जल्द से जल्द बदमाशों की पहचान करके आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। पुलिस की टीमें लगी हुई है।

**-अजीत सिंह, एसीपी सोनीपत।**

### खानपुर कलां से 17 वर्षीय किशोर और 85 वर्षीय बुजुर्ग लापता

**गोहाना।** गांव खानपुर कलां से 17 वर्ष का किशोर और शहर से 85 वर्ष के बुजुर्ग लापता हो गए। शहर थाना और सदर थाना गोहाना में केस दर्ज किए गए। गांव खानपुर कलां के संदीप ने पुलिस को बताया कि उसका छोटा बेटा सन्नी 24 फरवरी को घर से टेंट में काम करने के लिए गया था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। उसकी तलाश की गई लेकिन सुराग नहीं लगा। दूसरी तरफ शहर में आदर्श नगर के राज कुमार ने पुलिस को बताया कि उसके पिता जगदीश 23 फरवरी को घर से कसी को कुछ बिना बताए निकले थे। इसके बाद वे वापस नहीं आए। स्वजन ने उनकी तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा। इस पर पुलिस को शिकायत दी।

### उदेशीपुर में लगे इंडस कंपनी के टावर से बैटरी के 24 सेल चोरी

**गन्नौर।** गांव उदेशीपुर में लगे इंडस कंपनी के टावर से केबिन का ताला तोड़कर बैटरी के 24 सेल चोरी हो गए। कर्मचारियों ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस में दर्ज करवाई है।

पुलिस को दी शिकायत में इंडस कंपनी में कार्यरत कर्मचारी सन्दीप ने बताया कि इन्डस टावर कम्पनी का एक टावर गाँव उदेशीपुर में लगा हुआ है। 25-26 फरवरी की रात को टावर पर लाइट भाग गई । सुबह लाईट भागने पर साईड डाऊन होने पर टैक्नीशियन शोभा राम ने जाकर चैक किया तो टावर पर लगे कैबिन का ताला तोड़ रखा था और कैबिन से 24 सैल (बैटरी) चोरी थे।

# खानपुर के भगत फूल सिंह महिला विवि में एक मार्च को कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) खानपुर कलां में 1 मार्च को कवि सम्मेलन आयोजित होगा। कवि सम्मेलन सशक्त नारी-सशक्त राष्ट्र विषय पर आधारित होगा। जनता टीवी के तत्वावधान में एलपीएस बोसार्ड द्वारा प्रायोजित यह कवि सम्मेलन विवि के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रकोष्ट द्वारा आयोजित किया जाएगा। अध्यक्षता विवि की कुलपति प्रो. सुदेश करेंगी। महिला विवि के जनसंपर्क निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अनिल बल्हारा ने बताया कि 1 मार्च को आयोजित कवि सम्मेलन में देश की नामी महिला कवित्रियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें गाजियाबाद से अंजू जैन, आगरा से रुचि चतुर्वेदी, नागपुर से श्रद्धा शौर्य अहमदाबाद से आयुषी राखेचा व गोरखपुर से नीर रहेंगे। मंच संचालन सुदीप भोला करेंगे। विशिष्ट अतिथि एचपीएससी सदस्य डॉ. ममता यादव, एलपीएस बोसार्ड के मैनेजिंग निदेशक राजेश जैन, कन्या गुरुकुल खानपुर कलां व भैंसवाल कलां के पूर्व महासचिव जयसिंह व गैलेक्सी प्रोप्राइटर के प्रबंधक निदेशक डॉ. संदीप मलिक होंगे।

### नारी शक्तिकरण का संदेश देंगे : कुलपति



भगत फूल सिंह महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि इस कवि सम्मेलन के माध्यम से छात्राओं को देश की संस्कृति से रूबरू कराने व नारी शक्तिकरण का संदेश देना है। सम्मेलन का शीर्षक भी सशक्त नारी-सशक्त राष्ट्र है। सम्मेलन में देश के जाने माने कवि आएंगे।

# बार एसो. में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव का चुनाव होगा

हरिभूमि न्यूज . गोहाना

बार एसोसिएशन गोहाना में शुक्रवार को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव पद पर चुनाव होगा। अध्यक्ष पद पर चार और उपाध्यक्ष व सचिव पद पर दो-दो प्रत्याशी मैदान में हैं। शुक्रवार सुबह नौ बजे मतदान शुरू होगा और शाम पांच बजे तक चलेगा। मतदान पूरा होने के मतगणना करके चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा। आरओ वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्र सिंह भनवाला, एआरओ नरेश शर्मा, संदीप सैनी और रिंकू हुड्डा ने कहा कि चुनाव के लिए तैयारी पूरी हो गई है।

आरओ भनवाला ने बताया कि अध्यक्ष पद पर भूपेंद्र मान, कुलदीप शर्मा, प्रदीप कुमार पांचाल व संदीप पूनिया मैदान में हैं। उपाध्यक्ष पद पर डा. सुरेंद्र प्रताप चित्रा व अमित सहराया के बीच मुकाबला होगा। सचिव पद पर मनजीत लठवाल और हेमंत शर्मा के बीच मुकाबला होगा। संयुक्त सचिव पद पर कमलेश कुमारी, कोषाध्यक्ष पद पर दीपक पूनिया और लाइब्रेरी इंचार्ज पद पर मनजीत रोहिल्ला पहले निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। शुक्रवार को मतदान के बाद मतगणना करके चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा। चुनाव के लिए तैयारी पूरी कर ली गई हैं।

### रिंढाणा में घर से नकदी और जेवरात चुराए

**गोहाना।** गांव रिंढाना के सूरजा के घर से नकदी, जेवर व मोबाइल चोरी कर लिया गया। बरोदा थाना में मामला दर्ज किया गया। सूरजा ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की रात को मोबाइल, 10500 रुपये, सोने की अंगुठी और चांदी की पाजेब चोरी कर ली गई। उसने पड़ोसी युवक पर चोरी का शक जताया।

### वीरवार सुबह खराब मौसम, बूंदाबांदी का असर

# तेज हवाओं से गेहूं की फसल को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

वीरवार की सुबह से खराब मौसम हुआ बूंदाबांदी के गेहूं की फसल कई जगह आड़ी हो गई है। जिसके कारण उत्पादन गिरने की संभावना है। गेहूं की फसल को भी नुकसान हुआ है। गुरुवार को भी मौसम खराब रहा है। दिन भर आसमान में बादल छाए रहे और तेज हवाएं चलती रही । बादल छाए रहने के कारण होशंगाबाद में दिन का तापमान कम हो गया है। वहीं किसानों की चिंता बढ़ गई। किसानों का कहना है कि इस समय की बरसात किसानों के लिए बहुत नुकसानदायक है।

सिंचाई वाले हिस्से में गेहूं की फसल आड़ी हो गई है। हवा के कारण अगेती खड़ी गेहूं फसल आड़ी हुई है। किसान रमेश राठी ने बताया कि गेहूं फसल तेज हवा बूंदाबांदी से आड़ी हो गई है। जिससे दाने हल्के काले पड़ेंगे। हार्वेस्टर से कटाई में भी समस्या आएगी। दाने रह जाएंगे, नीचे से मशीन चलाई तो मिट्टी आएगी। किसान प्रेम ने बताया कि अगर इस समय तेज बरसात होती है तो गेहूं की फसल को बहुत नुकसान होगा क्योंकि इस समय गेहूं की आगे की फसल में बलिया आ गई है और गेहूं की नालियों में वजन होने की वजह से तेज बरसात होने पर पूरा गेहूं जमीन में लेट जाएगा। जिससे किसानों को बहुत नुकसान होगा। अगर इस समय बरसात भी हो जाती है तो हवा नहीं चलनी चाहिए बरसात के साथ तेज हवा चलने पर नुकसान ज्यादा होता है।



**गन्नौर।** खराब मौसम व तेज हवाओं से गेहूं की फसल जमीन में लेटी।




## खबर संक्षेप

### सात प्रॉपर्टी डीलरों के ठिकानों पर सर्वे किया

**सोनीपत।** आयकर विभाग के अधिकारियों ने वीरवार को भाजपा के जिला प्रवक्ता समेत सात प्रॉपर्टी डीलरों के ठिकानों पर सर्वे शुरू किया है। प्रॉपर्टी से जुड़ी वित्तीय लेनदेन अनियमितताओं और संभावित आयकर चोरी की जांच के तहत ही सर्वे शुरू किया गया है। दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, अंबाला, पटियाला और सोनीपत के आयकर अधिकारियों की टीमों ने प्रॉपर्टी डीलरों के घरों व कार्यालयों में दस्तावेजों की गहन जांच की। टीमें देर रात तक छानबीन में जुटी रहीं। सूत्रों के अनुसार गुरुवार को जिन ठिकानों पर आयकर टीमों ने छापेमारी की, उनमें नीरज आत्रेय के ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित घर, अमित जैन के सेक्टर-14 स्थित घर, मनोज दलाल के भरतपुरी स्थित घर, जयकुंवार के सेक्टर 14 और मोनू के राठधाना स्थित आवास शामिल है।

### गाड़ियां बेचने की वारदात में शामिल आरोपित काबू

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने धोखाधड़ी करके गाड़ियां बेचने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुरेंद्र निवासी संगरूर पंजाब का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

ज्ञान नगर निवासी देवव्रत ने गत दो दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह ट्रांसपोर्ट का काम करता है। उसके साथ जयदीप निवासी शमसाना भी काम करता है। उसकी व जयदीप की गाड़ी के साथ संदीप निवासी नरेला दिल्ली एक साल से दोनों के साथ संबंध है। उनके साथ कार्य को लेकर एग्रीमेंट भी रखा है।

### आयोजित किया जाएगा मेगा कैंप : प्रचेता सिंह



**सोनीपत।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रचेता सिंह ने बताया कि आमजन की शिकायतों का शीघ्र समाधान करने के लिए 5 मार्च को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय, मुरथल में प्रातः 10 बजे से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में एक मैगा कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें संबंधित विभागों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा।

### हर्ष फायरिंग मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना सोनीपत पुलिस ने हवाई फायर कर घायल करने के दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित सुनील निवासी मुरथल का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। मच्छरौला निवासी गौरव ने 23 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह फोटोग्राफर का काम करता है। गत 22 फरवरी को वह जममेंद्र निवासी मुरथल के लड़के की शादी में फोटोग्राफी का कार्य कर रहा था।

### प्रतियोगिता में विजेताओं को किया सम्मानित

**सांपला।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय गुरुवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में मटकी डेकोरेशन, दीया डेकोरेशन और वॉल हैंगिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ परम भूषण आर्य ने किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं में भाग लेकर छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकती हैं। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर आशा ने भी छात्राओं को इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मटकी प्रतियोगिता में M.A. हिंदी प्रीवियस से अंकिता प्रथम, बीए प्रथम वर्ष से काजल द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष से करुणा तृतीय स्थान पर रही।

---

### क्रांतिकारी आजाद के बलिदान दिवस पर सभा का आयोजन

# शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया नमन

## 25 साल की उम्र में जीवन देश को आजाद कराने में बलिदान कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आजादी आंदोलन के महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन की ओर से एक सभा का आयोजन किया गया। शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित कर जिले के विभिन्न गांव से आए हुए नौजवान व अन्य साथी और परिवारजन सभा में उपस्थित रहे। सभा में मंच का संचालन करते हुए डीएसओ के भारत ने कहा कि शहीद चंद्रशेखर आजाद का जीवन छात्र, नौजवानों तथा युवाओं को समाज के लिए जीवन न्योछावर करने की प्रेरणा देता है।

जिन्होंने 25 साल की उम्र में अपना जीवन देश को आजाद कराने में बलिदान कर दिया। राजेश ने उनकी सांगठनिक विशेषता से अवगत कराया और बताया कि वे तत्कालीन क्रांतिकारी संगठन हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के कमांडर इन चीफ थे। भारत की एकमात्र क्रांतिकारी पार्टी एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के राज्य कमेटी सदस्य कामरेड ईश्वर सिंह राठी ने संबोधित करते हुए कहा की चंद्रशेखर आजाद है जिस तरह के समाज के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया था उनका सपना अधूरा ही रह गया वह चाहते थे कि अंग्रेज पूंजीपति की जगह अगर भारत का पूंजीपति गाद्दी में बैठेगा। वहीं किसान नेता कामरेड हंसराज राणा ने भी उनके निडरता भरे अंदाज से अवगत करते हुए उनकी 15 साल की उम्र में ही असहयोग आंदोलन में भागीदारी पर प्रकाश डाला। सभा में विमला देवी, रिया, निकिता, प्रताप सिंह, हरिप्रकाश, सुमित, मास्टर बलबीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, प्रवीन कुमार आदि साथी शामिल रहे।



सोनीपत। सभा के दौरान मौजूद। फोटो :हरिभूमि

### छात्रों सहित स्कूल स्टाफ ने चंद्रशेखर को दी श्रद्धाजलि

सोनीपत। बाल विद्या निकेतन स्कूल सैक्टर 12 सोनीपत में आज यज्ञ द्वारा अमर बलिदानी चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धांजली दी गयी। राष्ट्र की स्वतंत्रता मे उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया गया। आर्यवीर दल की शिक्षिका सविता आर्या ने विद्यार्थियों को बताया कि अपने अंतिम श्वास तक चंद्रशेखर आजाद ने अंग्रेजो के विरुद्ध संघर्ष किया था। इन महान बलिदानियों के कारण ही हम आजाद है।



गोहाना। क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते नागरिक।

### क्रांतिकारी आजाद को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**गोहाना।** गुरुवार को ग्राम सुधार समिति खन्दराई और आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा द्वारा क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में दोनों संगठनों के प्रतिनिधियों ने चन्द्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन करते हुए उनके पद्चिहनों पर चलते हुए देश की सुरक्षा का संकल्प लिया।

ग्राम सुधार समिति द्वारा गांव खन्दराई स्थित समिति के कार्यालय में और आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा द्वारा पुरानी सब्जी मंडी के निकट स्थित चन्द्रशेखर पार्क में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता क्रमशः समिति के अध्यक्ष जगमहेद्र सिंह और मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। संयोजन पार्क सुधार समिति के पूर्व अध्यक्ष मास्टर रमेश मेहता का रहा। समिति के समारोह में बिट्टू कश्यप, चदंगी राम, प्रताप सिंह, जयभगवान, रोहतास खटक, आर्यन बमहनिया, निखिल कुमार, बिनसा, कश्मीरी लाल, शिवांस जबकि मोर्चा के समारोह में पूर्व अध्यक्ष मास्टर रमेश मेहता, सतबीर पोडिया, मदनलाल अत्री, मास्टर हवा सिंह, कश्मीरी लाल, नंदलाल, नारायण दास व धर्मवीर मौजूद रहे।

---



पत्रकारवार्ता के दौरान कांग्रेस के प्रदेश सह प्रभारी जितेंद्र बघेल साथ में अन्य नेता।

## जब मंत्री थे तब चुनाव करवाने में देरी, फिर जनता के बीच सिर्फ खजूर बांटें : जितेन्द्र बघेल

- कांग्रेस के प्रदेश सह प्रभारी ने की पत्रकारवार्ता, कहा सोनीपत की जनता पर थोप दिया मेयर उपचुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा कांग्रेस के सह प्रभारी जितेंद्र बघेल ने कहा कि महज आठ माह के लिए सोनीपत की जनता पर मेयर का चुनाव थोप दिया गया, क्योंकि सीनियर डिप्टी मेयर कांग्रेस का था। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता की मेहनत की कमाई को चुनावी खर्च में बर्बाद किया जा रहा है। कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस के प्रदेश सह प्रभारी बघेल ने कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार में एक इंजन भ्रष्टाचार करता है, जबकि बाकी दो उसे संरक्षण देते हैं। उन्होंने भाजपा के मेयर पद के उम्मीदवार पर सवाल उठाते हुए कहा कि कैबिनेट मंत्री रहते हुए उनकी पत्नी ने पहले चुनाव करवाने में देरी करवाई और बाद में जनता को सिर्फ खजूर बांटने का काम किया। जब कांग्रेस में गुटबाजी को लेकर सवाल किया गया तो बघेल ने इसे भाजपा का राजनीतिक छलावा करार दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले अपने घर में देखे, कहीं सैनी गुट है, कहीं खट्टर गुट, तो कहीं अनिल विज गुट है। इसके विपरीत, कांग्रेस एकजुट होकर नगर निगम चुनाव लड़ रही है। बघेल ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जनता को पेयजल की किल्लत और सीवरेज जाम जैसी समस्याएं नहीं झेलनी पड़ीं। लेकिन अब भाजपा सरकार में अधिकारियों पर कोई लगाम नहीं है और आम जनता की समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं।

भाजपा के घोषणापत्र पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा हर चुनाव में नए वादे लेकर आती है, लेकिन चुनाव जीतते ही सब कुछ भूल जाती है। इसके विपरीत कांग्रेस जो कहती है, उसे पूरा करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आम जनता की आवाज उठाने के लिए संघर्ष किया है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता व कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

---

## सेवानिवृत्ति पर सनपेड़ा स्कूल के प्रधानाचार्य ने मरणोपरांत अपनी देहदान का निर्णय लिया

- मरणोपरांत देहदान कर किसी को जीवन देने का प्रिंसिपल ने किया काम : सरपंच प्रमोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सनपेड़ा के प्रधानाचार्य डॉ सुरेंद्र सिंह रोहिला ने अपनी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य पर मरणोपरांत अपनी देहदान का निर्णय लिया है। मरणोपरांत देहदान किए जाने की घोषणा करते हुए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान अंसारी नगर, नई दिल्ली को अंग दान-दाता प्रपत्र जमा करने के लिए भेज दिया है। उनके द्वारा किए गए कार्य की



प्रधानाचार्य डॉ सुरेंद्र सिंह रोहिला।

संरचना गांव के सरपंच प्रमोद ढाका, समाजसेवी संदीप ढाका के अलावा स्कूल के शिक्षकों ने सराहना की। सरपंच प्रमोद ढाका ने कहा कि मरणोपरांत देहदान कर हम किसी को जीवन दे सकते हैं। यह मानव जीवन में एक अहम योगदान है। चिकित्सा जगत को बढ़ावा देने के लिए एक अच्छी पहल है। यह स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में अहम कदम है। ज्ञात रहे की प्रधानाचार्य सुरेंद्र ने 1993 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फरमाना से बतौर प्रवक्ता अपनी शिक्षा यात्रा शुरू की थी , 32 वर्षों तक सेवा उपरांत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सनपेडा से प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत होंगे। आपने अपने लंबे सेवाकाल में फरमाना, , राजलू गढी, जटवाड़ा, कुमासपुर ,भिगान व में सेवाएं दी। सामाजिक सेवा की शुरुआत की कड़ी में सनपेडा गांव के राजकीय स्कूल में कई बार रक्तदान शिविर भी लगवाए।

## हर समस्या का हल प्राथमिकता से किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने हलकावासियों की समस्याओं के समाधान के लिए जनता दरबार में लोगों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनमानस की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। समस्याओं की सुनवाई के दौरान अकबरपुर बारोटा के सरपंच संजय चौहान ने गांव की फिरनी पर लाइट की व्यवस्था की मांग रखी, जिसे विधायक कृष्णा गहलावत ने तुरंत पूरा करवाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि



राई। हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

लाइट लगाने का काम आगामी दिवस से ही प्रारंभ किया जाए। उन्होंने बताया कि फिरनी पर करीब 36 लाइट लगाई जाएगी, जिससे फिरनी पर रात्रि के समय अंधकार की समस्या दूर होगी। इससे ग्रामीणों को आवाजाही में विशेष लाभ मिलेगी। सुरक्षा की दृष्टि से भी लाइट लगने पर विशेष लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने विशेष रूप से बिजली-पानी व सफाई व्यवस्था को लेकर समस्या रखी गई। बहालगढ़ में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की गई, जिस पर विधायक कृष्णा गहलावत ने संबंधित अधिकारियों को फोन पर ही निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बहालगढ़ समेह पूरे हलके सफाई व्यवस्था को बेहतरीन किया जाएगा। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि राई हलके को पूर्ण रूप से समस्या मुक्त बनाया जाएगा। लोगों की हर प्रकार की समस्याओं को दूर करवाया जाएगा। साथ ही सुविधाओं को भी मजबूती दी जाएगी। इस अवसर पर अकबरपुर बारोटा के सरपंच संजय चौहान, सुरेंद्र, छोटू पतला, पूर्व पार्षद नंदकिशोर चौहान, ब्लॉक समिति चेयरमैन संजय,बहालगढ़ के सरपंच राजेश, मास्टर नरेंद्र, सुरजीत वाल्मीकि, अरूण, विनोद चौहान, प्रदीप आंतिल, सेरसा के पूर्व सरपंच भानू, नगर पालिका कुंडली की चेयरपर्सन शिमला देवी, मंजीत,रजत, दीपक खरब, सतपाल गुप्ता, ललित, विजय कुमार आदि शामिल रहे।

---



पदक विजेता साहिल लठवाल को आशीर्वाद देते विधायक इंदुराज नरवाल।

### साहिल लठवाल ने चैंपियनशिप में जीते दोहरे पदक

**गोहाना।** चेन्नई में सम्पन्न 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बरोदा हलका के गांव मुंडलाना के उदीयमान खिलाड़ी साहिल लठवाल पुत्र सुरेश लठवाल ने एक साथ दोहरे पदक जीत कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। साहिल ने चैंपियनशिप में 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया। खिलाड़ी को हलका विधायक इंदुराज नरवाल ने सम्मानित किया। 16 से 20 फरवरी तक चेन्नई में राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित की गई। चैंपियनशिप में देश के कोने-कोने से खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता करके अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। खिलाड़ी साहिल लठवाल ने इस चैंपियनशिप में दोहरे पदक जीत कर पूरे देश में अपने गांव व हलका क्षेत्र का नाम रोशन किया। खिलाड़ी साहिल गांव भैंसवाल कलां स्थित आईसीएस खेल संस्थान में कोच शुभम मलिक के मार्गदर्शन में अभ्यास कर

## वार्षिकोत्सव: मेधावी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

- सरस्वती विद्या निकेतन के वार्षिकोत्सव में हरियाणवी लोक नृत्य की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कटवाल गांव स्थित सरस्वती विद्या निकेतन के वार्षिकोत्सव में विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कला एवं संस्कृति की शानदार झलक देखने को मिली। प्रमुख आकर्षण का केंद्र हरियाणवी समूह लोक नृत्य रहा जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी कला प्रतिभा के जलवे से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वार्षिकोत्सव की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य उधम सिंह ने की। मुख्य अतिथि भाजपा जिला सोनीपत इकाई के




गोहाना। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी अतिथियों व शिक्षकों के साथ।

अध्यक्ष बलराम कौशिक और कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के निजी सचिव सुनील शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहनदत्त शर्मा, भाजपा गोहाना मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र मुद्गिल, खानपुर मंडल के अध्यक्ष जस्सी खुराना, बुटाना मंडल के अध्यक्ष राजेश भावड़, एसबीजी स्कूल सिकंदरपुर माजरा के संचालक चेतन वत्स व दलबीर मेमोरियल स्कूल जौली के संचालक जगबीर चहल रहे। समारोह में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विभिन्न कक्षाओं के वार्षिक परिणाम व गैर शैक्षणिक गतिविधियों में पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।




खरखौदा। छात्राओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। फोटो :हरिभूमि

### एनएसएस का सात दिवसीय शिविर संपन्न

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय एनएसएस यूनिट 1 के सात दिवसीय शिविर का समापन हो गया। इस उपलक्ष्य में समारोह आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि वेद प्रकाश दहिया व डॉ सविता राठी एनएसएस कोऑर्डिनेटर एमडीयू रोहतक रही। कन्या महाविद्यालय प्रधान वेद प्रकाश दहिया ने छात्राओं को लगातार जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया व छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए हर तरह की सहायता करने की बात कहीं। समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ की गई। डॉ सविता राठी ने एनएसएस वॉलिंटियर्स को एनएसएस के उद्देश्य, कर्तव्य, उसकी स्थापना के बारे में जानकारी देने, एनएसएस में निरंतर एक्टिव रहने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं द्वारा,देशभक्ति गीतों व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। बेस्ट एनएसएस वालंटियर दीप्ति, पिंकी, नैंसी को एक्टिव वॉलिंटियर्स का अवार्ड दिया गया। फाइन आर्ट में आकांक्षा, दीप्ति , कविता क्रमशः प्रथम द्वितीय वे तृतीय स्थान पर रही।

---

### कार्टूनिंग स्पर्धा में जीवीएम की छात्रा ने जीता तृतीय पुरस्कार

# क्विज कंपीटिशन में जीवीएम की टीम अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम गर्ल्ज कालेज की छात्राओं ने इंटर कालेज कंपीटिशन में दमदार प्रदर्शन करते हुए एक प्रथम व एक तृतीय पुरस्कार हासिल किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। जीवीएम के विज्ञान संकाय की डीन पुनीता बतरा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद स्थित केएल मेहता कालेज फोर वूमन में इंटर कालेज कंपीटिशन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रभारी प्राध्यापिका ज्योत्सना के नेतृत्व में जीवीएम की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस दौरान जीवीएम की क्विज टीम ने प्रथम



सोनीपत। ट्रांफी के साथ कॉलेज की छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

स्थान प्राप्त किया, जिनमें बीएससी नॉन मेडिकल द्वितीय वर्ष की खुशी, बीएससी कंप्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष की तमन्ना व बीएससी लाइफ साइंस प्रथम वर्ष की बुलबुल शामिल रही। इनके अलावा कार्टूनिंग स्पर्धा में जीवीएम की बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा डोली ने तृतीय पुरस्कार जीता। कालेज लौटने पर प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि इंटर कालेज कंपीटिशन की दो स्पर्धाओं में हमारी बेटियों ने सफल प्रदर्शन किया है। किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा लेना विशेष रूप से महत्वपूर्ण होता है। नियमित अभ्यास और कड़ी मेहनत से सफलता निश्चित तौर पर मिलती है। छात्राओं को पढ़ाई के साथ अन्य शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में नियमित तौर पर हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर बोटनी विभागाध्यक्ष डा. रश्मि जावा, गणित विभागाध्यक्ष रोहिणी मदान, रसायन विभागाध्यक्ष सुनीता धवन, डा. संगीता सिंह, डा. अनीता सैनी, डा. स्मिति अग्रवाल, डा. मीनाक्षी, डा. रेनू, कीर्ति, सुमन आदि प्राध्यापिकाओं ने भी विजेता छात्राओं को बधाई दी।



गोहाना। यज्ञ में पूर्णाहुति डालते हुए महंत चमन नाथ, सर छोटूराम विचार समिति के अध्यक्ष प्रदीप चहल व अन्य गणमान्य व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

### यज्ञ पर्यावरण के लिए वरदान से कम नहीं: चमन नाथ

**गोहाना।** गांव महमूदपुर स्थित सीताराम मंदिर के दूसरे वार्षिक कार्यक्रम के दौरान आयोजित 5 कुंडीय महारुद्र यज्ञ गुरुवार को समापन हो गया। श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ में पूर्णाहुति डालकर अपने परिवार व समाज में सुख-समृद्धि की कामना की। गांव रभड़ा स्थित डेरा बाबा मजलिस नाथ के मुख्य महंत चमन नाथ महाराज यज्ञ में पूर्णाहुति डालने पहुंचे और भक्तजनों को आशीर्वाद दिया। महंत चमन नाथ ने कहा कि यज्ञ करने से घर, परिवार व समाज में सुख-समृद्धि व शांति का संचार होता है। यज्ञ पर्यावरण के लिए भी किसी वरदान से कम नहीं है। यज्ञ में इस्तेमाल होने वाली सामग्री से हवा शुद्ध होती है और पर्यावरण में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया खत्म हो जाते हैं। यज्ञ के दौरान मंत्रोच्चारण से पर्यावरण में नकारात्मक ऊर्जा का विनाश होता है। हमें किसी भी शुभ कार्य का शुभारंभ यज्ञ के साथ करना चाहिए। समारोह में महंत बलबीर दास, महंत महावीर दास, महंत सुभाष दास, महंत राजू दास, महंत गोपानंद और महंत खेड़े श्रीनाथ ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया।

## खबर संक्षेप



गन्नौर। वार्षिक उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र।

### शिक्षा का चरित्र निर्माण में सकारात्मक योगदान

**गन्नौर।** ग्रीन वुड पब्लिक स्कूल बोहला का वार्षिक उत्सव वीरवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गन्नौर विधायक देवेंद्र कादयान ने मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी। विधायक कादियान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का चरित्र निर्माण और समाज में सकारात्मक योगदान होता है। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए अनुशासन, नैतिक मूल्यों और उत्कृष्टता पर जोर दिया।

### ट्रेन में महिला चिकित्सक का पर्स चोरी

**सोनीपत।** दिल्ली-अंबाला रेलमार्ग पर ट्रेन में सफर कर रही महिला चिकित्सक के पर्स के चोरी होने का मामला सामने आया है। महिला के ससुर न मामले की शिकायत राजकीय रेलवे पुलिस को दी। सेकटर-5 कुरूक्षेत्र निवासी करनैल राम ने बताया कि गत 24 फरवरी को उसकी पुत्रवधु पश्चिम एक्सप्रेस में सफर कर रही थी। उनकी सीट एसी बॉगी में रिवर्ज थी। उन्होंने अपना सामान दो ट्राली बैग, एक बड़ा बैग सीट के नीचे रखा हुआ था। एक बैग में पुत्रवधु के हाथ के कंगन, कानों की रिंग, सोने का नेकलेस, सोने की अंगूठी, चांदी की पाजेब जिनकी कीमत करीब आठ लाख रुपये बनती है। वहीं दस हजार रुपये की राशि रखी थी। साथ ही उसके पढ़ाई के कागजात भी रखे हुए थे। बैग गायब हो गया।

### युवक को पीटा, जान से मारने की धमकी

**गन्नौर।** गांव बजाना खुर्द में रुपयों के लेनदेन को लेकर की युवक की रास्ता रोक कर गाली गलौज के बाद मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। युवक ने मारपीट की शिकायत खुबड़ू झाल चौकी पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के बाद युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बजाना खुर्द के मुकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मेरा गांव के ही मंजीत के परिवार के साथ रुपया का लेन देन है, इनके रुपये देने में लेट हो गया। 10 फरवरी को अपने गांव के सरकारी स्कूल के पास रवीदास जयंती के लिए हलवाई करने के लिए गया हुआ था। मेरे साथ मेरे गांव का सुरेन्द्र भी था ,जब हम दोनों हलवाई करके वापीस जा रहे थे तो गांव का मंजीत मोटरसाईकिल पर आया और मेरा रास्ता रोक कर मेरे साथ मेरे साथ गाली गलौच करते हुए कहने लगा तू हमारे रुपये देगा या नहीं देगा और आरोप है कि मंजीत ने मेरे नाक पर मुक्का मारा , मुक्का लगते ही में गिर गया और मंजीत ने मुझे लात मुक्को से खुब पिटा। उसके बाद मुझे कुछ पता नहीं चला। इसके बाद सूचना परिजनों को दी।

# हरियाणा बोर्ड की परीक्षाओं में शुरू हुआ पर्चियों का खेल, धारा 163 का असर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं वीरवार को पर्चियों के खेल के साथ शुरू हो गई। पहले दिन 12वीं का अंग्रेजी विषय का पेपर था। इस दौरान कई परीक्षा केंद्रों पर बाहरी हस्तक्षेप दिखाई दिया। युवा खिड़कियों के सहारे पर्चियां डालने के लिए दीवारों पर चढ़ते रहे, हालांकि पुलिस ने इन्हें जमकर दौड़ाया। इसके अलावा अंग्रेजी विषय का पेपर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर जिले में 76 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बोर्ड परीक्षाओं को नकल रहित संचालित करवाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। सभी केंद्रों पर पुलिस कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है, ताकि बाहरी हस्तक्षेप को रोका जा सके। परीक्षा में नकल को रोकने के लिए परीक्षा केंद्रों के बाहर धारा 163 लागू रही। पहले दिन 12वीं कक्षा का अंग्रेजी विषय का पेपर रहा। परीक्षा दोपहर 12:30 बजे शुरू हुई। हालांकि परीक्षार्थियों को पेपर शुरू होने से 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के निर्देश दिए गए थे। दोपहर बाद 3:30 बजे पेपर देकर बाहर निकले परीक्षार्थियों के चेहरे खिले हुए थे। कुछ विद्यार्थियों ने बताया कि पेपर आसान था, जिसे निर्धारित समय में पूरा कर लिया था। जबकि कुछ विद्यार्थियों ने पेपर को मुश्किल बताया।

#### प्रवेश पत्र से किए स्कैन, फिर मिला प्रवेश

बोर्ड परीक्षा को नकल रहित संचालित करवाने के लिए शिक्षा बोर्ड की तरफ से व्यापक तैयारी की गई है। सभी परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र पर अंकित क्यूआर कोड पर्यवेक्षकों ने अपने मोबाइल से स्कैन किया। उसके बाद ही प्रवेश की अनुमति दी गई। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा संचालित की गई।

#### वर्जन

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं वीरवार से शुरू हो गई हैं। पहले दिन 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी विषय का पेपर दिया। जिले में बनाए गए 76 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हुई। कहीं से भी नकल का कोई मामला सामने नहीं आया। -कृष्ण रोहिल्ला, बोर्ड अधीक्षक, सोनीपत



गोहाना। गांव चिड़ाना में परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने पहुंची हुई एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय। फोटो : हरिभूमि

### एसडीएम ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया

**गोहाना।** एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने गुरुवार को कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सफतापूर्वक परीक्षाएं सम्पन्न करवाने के निर्देश दिए। इस समय कक्षा 10वीं व कक्षा 12वीं की बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। परीक्षाओं के लिए शहरी क्षेत्र के अलावा विभिन्न गांवों के विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। गुरुवार को एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने गांव चिड़ाना, खानपुर कलां, शामड़ी व सरगथल में परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने अधिकारियों को परीक्षा के सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के निर्देश दिए। उनके अनुसार नकल रहित परीक्षा के लिए उडनदस्तों की टीमें गठित की गई हैं जो परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर जांच कर रही हैं। इन टीमों में एसडीएम की टीम भी शामिल है। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए गए हैं और पुलिस बल भी तैनात किया गया है ताकि कोई बाहरी व्यक्ति हस्तक्षेप न कर पाए।



खरखौदा। परीक्षा केंद्र की जांच करने पहुंचे एसडीएम डॉ निर्मल नागर।

### खरखौदा के केंद्र का दौरा

**खरखौदा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की तरफ से वीरवार को बारहवीं की बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की तैनाती भी देखने को मिली। जबकि एसडीएम खरखौदा डा. निर्मल नागर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र में पहुंचे और परीक्षा कक्षों की बारीकी से जांच की। एसडीएम ने इस दौरान परीक्षा केंद्र प्रबंधन को आदेश दिए कि किसी भी परीक्षा कक्ष में कोई पोस्टर लगा नहीं रहना चाहिए। अगर इन्हें उतारा जा सकता है तो ठीक नहीं तो इन सभी का ढांपने का काम करें।



गन्नौर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैलान में दीवार पर चढ़कर नकल कराते हुए युवक तथा अति संवेदनशील परीक्षा केंद्र राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुगथला में खिड़की से पर्ची डालकर भागते हुए।

## गन्नौर में शिक्षा विभाग के प्रयास विफल

हरिभूमि न्यूज ⏩ गन्नौर

- धड़ल्ले से चली पहले ही पेपर में दो परीक्षा केंद्रों पर नकल

शिक्षा विभाग का नकल रहित परीक्षा करवाने का दावा पहले ही दिन फेल हो गया है। नकलचियों के आगे शिक्षा विभाग का प्रशासन बेबस नजर आ रहा है। विभिन्न परीक्षा केंद्रों में धारा 144 तोड़कर युवक नकल फेंक रहे हैं। पहले दिन अंग्रेजी की परीक्षा के दौरान ग्रामीण क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों पर जमकर नकल चल रही है। ऐसा ही मामला संवेदनशील परीक्षा केंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैलाना में देखने को मिला। जहां स्कूल की दीवार फांद कर युवक खिड़की से नकल करवाते नजर आए। इसके अलावा अति संवेदनशील परीक्षा केंद्र राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुगथला में खिड़की से पर्ची फेंकते युवक नजर आए। परीक्षा केंद्रो से पुलिस प्रशासन भी नदारद रहा। राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुगथला में डायल 112 की टीम नकल रोकने का प्रयास करती दिखाई दी। जबकि वहां थाना से कोई भी पुलिस कर्मी तैनात नहीं था।

## मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में कोई व्यक्ति खड़ा नहीं होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏩ खरखौदा

- चुनाव को लेकर रिटर्निंग अधिकारी डॉ. निर्मल नागर ने दिए निर्देश

आगामी 2 मार्च को खरखौदा नगर पालिका के अध्यक्ष व पार्षदों का चुनाव होना है। चुनाव के मद्देनजर रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी डॉ निर्मल नागर ने निर्देश दिए हैं कि मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में कोई भी व्यक्ति खड़ा नहीं होना चाहिए और ना ही वहां पर किसी भी तरह का उम्मीदवार का कार्यालय बनेगा। मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे से बाहर ही प्रत्याशी अपना टेंट लगा सकेंगे। 100 मीटर के अंदर में कोई भी टेंट, कार्यालय या वाहन खड़ा करने की अनुमति नहीं होगी। मतदान केंद्र मतदाता व एजेंट मतदान केंद्र में कोई भी मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेगा। इसके अलावा उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि एजेंटों की बैठने की व्यवस्था प्रशासन द्वारा करवाई जाए। खरखौदा में वार्ड 12 में सर्वसम्मति बनी है, जबकि अन्य 15 वार्डों के पार्षदों का चुनाव मतदान से होना है। वार्ड 12 के मतदाताओं को अध्यक्ष पद के लिए एक वोट डालने का मौका मिलेगा। जबकि खरखौदा के अन्य 15 वार्डों के मतदाताओं को अध्यक्ष पद व पार्षद पद लिए दो वोट डालने का मौका मिलेगा। इस बार अध्यक्ष का चुनाव सीधे तौर पर मतदाता को अपना मत प्रयोग करने से हो रहा है। इसीलिए सभी 16 वार्डों में अध्यक्ष का चुनाव मतदान से होगा। प्रशासन चुनाव की तैयारी में जोर शोर से जुटा हुआ है। खरखौदा कन्या महाविद्यालय में जहां मतदान होगा, वहीं मतदान के बाद ईवीएम मशीनों को रखने के लिए स्ट्रांग रूम भी बनाया गया है। वहीं पर 12 मार्च को गिनती होनी है। गिनती के लिए सभी प्रत्याशियों से काउंटिंग एजेंट की सूची ले ली गई है।

बूथ एजेंट एक दिन पहले बनाने के निर्देश जारी किए गए हैं। सभी बूथों पर आसानी से मतदाता आ जा सके इसकी पूरी व्यवस्था प्रशासन ने कर ली है। डॉ निर्मल नागर का कहना है कि प्रशासन की पूरी तैयारी हो चुकी है चुनाव शांतिपूर्वक तरीके से कराया जाएगा।

## महिला विवि ने परीक्षा परिणाम घोषित किए

**गोहाना।** भगत फूल महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में परीक्षा सत्र दिसंबर 2024 के लिए सभी स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी), सर्टिफिकेट कोर्स और पीएचडी कार्यक्रमों के परिणामों की समय पर घोषणा कर दी गई है। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों पर बधाई दी तथा उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना की और राज्य विश्वविद्यालयों के बीच रिकॉर्ड समय में परीक्षाओं के सुचारू संचालन और परिणाम घोषित करने के लिए परीक्षा नियंत्रक व परीक्षा शाखा को बधाई दी। विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने कहा कि तकनीक ने प्रक्रिया को तेज और अधिक कुशल बना दिया है। स्वचालन और परिणाम समर्पित सॉफ्टवेयर पूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीतिः 2020 के तहत-शैक्षणिक कार्यक्रम के अनुसार, सभी सेमेस्टर और कार्यक्रमों के लिए नवंबर और दिसंबर 2024 में परीक्षाएं आयोजित गई थीं। जिनमें विभिन्न सेमेस्टर और संकायों की 15800 छात्राओं ने परीक्षा दी थी। सभी के परिणाम वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

## समाधान के लिए करेंगे काम, ताकि 8 माह बाद भी सिर उठाकर मांग सकें वोट : दिवान

- कांग्रेस प्रत्याशी कमल दिवान ने जनसभाओं को किया संबोधित, भाजपा सरकार पर कटाक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत

नगर निगम मेयर पद के लिये कांग्रेस प्रत्याशी कमल दीवान ने वीरवार को अपने जनंसपर्क अभियान के तहत श्रीराम स्कूल, भगत सिंह कॉलोनी, रेवली गांव, पटेल नगर, कृपाल कॉलोनी, बैयांपुर खुर्द, ओमैक्स सिटी, बंदेपुर धाम, मॉडल टाउन, सेक्टर 15 में भी जनसभाओं को संबोधित किया। इस सभाओं में कांग्रेस नेता कमल दिवान ने कहा कि अगर जनता मौका देती है तो सोनीपत की जनता को कभी पछताना नही पड़ेगा। वह राजनीति में लोगों की सेवा करने के लिए ही आए हैं। जनता की हर समस्या के समाधान के लिए काम किया जाएगा, ताकि आठ माह के बाद जब फिर से मेयर पद के लिए चुनाव होंगे तो जनता के बीच में सिर उठाकर वोट मांगने में उन्हें कोई हिचक न हो। भाजपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि ऊपर-नीचे हर जगह सरकार होने के बावजूद सोनीपत नगर निगम क्षेत्र में लोगों की पेयजल, सीवरेज जाम, प्रोपट्री आईडी, परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर नही हो पाई। वहीं दूसरी तरफ मेघा दिवान ने चिल्डर्न पार्क, वेस्ट रामनगर, सारंग रोड़, ऋषि कॉलोनी आदि में जनसंपर्क किया।



सोनीपत। जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी कमल दिवान का स्वागत करते हुए स्थानीय दुकानदार एवं निवासी। फोटो : हरिभूमि

## जैन ने जनसंपर्क अभियान किया तेज ढाई दर्जन से अधिक सभाएं की

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत

भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने बृहस्पतिवार को अपना जनसंपर्क अभियान तेज करते हुए ढाई दर्जन से अधिक सभाएं कर लोगों से वोट की अपील की। इस दौरान राजीव जैन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विजय संकल्प यात्रा की सफलता पर निगम क्षेत्र की जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक विजय संकल्प यात्रा में शामिल होकर उनका मनोबल बढ़ाया है। राजीव जैन ने बृहस्पतिवार को सेक्टर-15, प्रजापत धर्मशाला, सेक्टर 14-15 डिवाइडर रोड, सिक्का कॉलोनी, देवीवाड़ा, जगदीशपुर न्यू चौपाल, महादेव मंदिर आदर्श नगर, बाबा महावीर नाथ काली माता मंदिर, लिवासपुर, जाट जोशी, सुंदर मोहल्ला धोबीवाड़ा, रायपुर, अहमदपुर, हनुमान नगर, दहिया कॉलोनी, खिजर के पास, सेक्टर 12, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर 14, ओल्ड डीसी रोड सुजान सिंह पार्क, गोहाना रोड जिला व्यापार मंडल, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वार्ड 5, गांधी आवास सेक्टर-12, नरेंद्र नगर, मयूर विहार, चार मरला में सभाएं की।



सोनीपत। लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन। फोटो : हरिभूमि

## चुनाव में कांग्रेस का नहीं खुलेगा खाता : मंत्री गंगवा

- कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने प्रजापति धर्मशाला में सभा को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि भाजपा सरकार अनुसूचित जाति व पिछड़ी जाति के उत्थान व कल्याण के लिए कार्य कर रही है। गरीब लोगों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई है, जिससे उनको सीधा फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की तरह हरियाणा के निकाय चुनाव में भी कांग्रेस का खाता नहीं खुलेगा। कांग्रेस पार्टी की हालत आज इस कदर खराब हो चुकी है कि कई जगहों पर उम्मीदवार तक नहीं मिले। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा सोनीपत से मेयर प्रत्याशी राजीव जैन के समर्थन में प्रजापति धर्मशाला में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के लिए वोट की अपील की। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता का कांग्रेस से मोहभंग हो चुका है। प्रदेश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों पर पूरा भरोसा है। हरियाणा विधानसभा चुनावों में भी जीत की शानदार हैट्रिक ने यह साबित किया है कि प्रदेश की जनता का भरोसा भाजपा के सशक्त और सक्षम नेतृत्व व सुशासन की नीतियों में हैं। इस दौरान रणबीर गंगवा ने कहा प्रजापति समाज मेहनतकश व ईमानदार लोगों का समाज है।



सोनीपत। सभा के दौरान मौजूद केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा साथ में भाजपा नेता एवं पदाधिकारी।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर विधायक निखिल मदान, पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, ललित बत्रा, नवीन मंगला, योगेश पाल अरोड़ा, तरुण देवीदास ,आरती शर्मा, नीरज सोनी, गौरव भोला, सुरेंद्र मदान, महेश लूथरा, अनिल ठाकुर, चरण सिंह जोगी सहित सहित सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028



सोनीपत। प्रतियोगिता में मेडल जीतने पर स्वागत करते हुए कॉलेज स्टाफ।

### नेटबाल टूर्नामेंट में जीता गोल्ड

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय की छात्रा मोनिका ने 38 वें नेशनल गेम्स में नेटबॉल टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया। 38 वें नेशनल गेम्स उत्तराखंड में 29 जनवरी से 9 फरवरी 2025 तक आयोजित हुई। महाविद्यालय पहुंचने पर स्टॉफ सदस्यों और प्राचार्या गीता ने खिलाडी क स्वागत फूल माला और मिठाई खिलाकर किया। विजयी खिलाडी को टीकाराम एजुकेशन सोसइटी के प्रधान सुरेन्द्र सिंह दहिया ने हौसला बढ़ाते हुए और आशीर्वाद देते हुए लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका सुमन मान, डा. अलका ने भी छात्रा को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल में लैंगिक संवेदनशीलता पर कार्यशाला आयोजित



**सोनीपत।** लैंगिक समानता की शिक्षा परिवार में बचपन में ही दी जानी चाहिए। इसे बढ़ावा देने के लिए स्कूलों में भी लैंगिक संवेदनशीलता के बारे में सटीक जानकारी देनी चाहिए। यह विचार गोल्डन हैरियर स्कूल के अकादमिक समन्वयक डॉ. निशा कुमारी व ऑरलियन्स द स्कूल, रोहिणी सेक्टर-8 की निदेशक डॉ. अमीषा गौड़ ने व्यक्त किए। वह बृहस्पतिवार को साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल, मुरथल में सीबीएसई की तरफ से कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत लैंगिक संवेदनशीलता (जेंडर सेंसिटिविटी) विषय पर आयोजित कार्यशाला में शिक्षकों को संबोधित कर रही थी। साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल, मुरथल में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, प्राचार्य, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा, कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा व रिसोर्स पर्सन ने दीप प्रज्वलित कर किया।

### राज्यपाल ने अम्बेडकर की प्रतिमा का किया लोकार्पण



**सोनीपत।** राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सोनीपत में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का लोकार्पण राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा वीरवार को किया गया। विश्विद्यालय की कुलपति प्रो. अर्चना मिश्रा ने माननीय कुलाधिपति एवं हरियाणा के राज्यपाल का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि विश्विद्यालय का नाम डॉ. बी. आर. अम्बेडकर जी के नाम पर है और आज विश्विद्यालय के प्रांगण में ऐसी महान विभूति की प्रतिमा का लोकार्पण हुआ है। किसी भी संस्थान के लिए बड़े गौरव की बात होती है कि जिस महान विभूति के नाम पर उस संस्था का नाम हो और उसके प्रांगण में उस महान शख्सीयत की प्रतिमा स्थापित हो। आज उसी बात को सिद्ध करते हुए डॉ. बी. आर. अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सोनीपत में भी यह महान कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि डॉ. बी. आर. अम्बेडकर जी हम सब के लिए प्रेरणा प्रतीक हैं।

### सरकार की योजनाओं के तहत भेजे जाने वाले आवेदनों को दें प्राथमिकता

## जरूरतमंदों को प्राथमिकता से ऋण प्रदान करें बैंकः नगराधीश

- सीएम विंडों पर आने वाली शिकायतों की समय पर भरे एटीआर
- नगराधीश डॉ. अनमोल ने गुरूवार को डीएलआरसी तथा डीसीसी की बैठक लेते हुए बैंकर्स व अधिकारियों दिए जरूरी दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत

जरूरतमंद व्यक्ति बैंकों की सहायता से ऋण लेकर अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठा सकें। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए बैंकर्स संवेदनशीलता के साथ जरूरतमंदों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण प्रदान करें। लघु सचिवालय में गुरूवार को डिस्ट्रिक्ट लेवल रिव्यू कमेटी (डीएलआरसी) तथा डिस्ट्रिक्ट क्लियरेंस कमेटी (डीसीसी) की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नगराधीश डॉ० अनमोल कर रही थी। बैठक में उन्होंने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के तहत चिन्हित जरूरतमंदों के ऋण आवेदनों की गंभीरता से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि लोक कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत आने वाले आवेदनों को सकारात्मकता के साथ स्वीकृति दें। बैंकर्स को यहां प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि लोगों को स्व-रोजगार स्थापना में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि बिना किसी ठोस कारण के कोई भी आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए। कड़ी चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि निर्देशों की अवहेलना करने वालों के विरूद्घ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जरूरतमंद लोगों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से उन्हें बैंकिंग सहायता के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि उन्हें सस्ती दरों पर ऋण मिल सके। बैठक में आरबीआई चण्डीगढ से एलडीओ मंजीत कुमार, एलडीएम मनोज कुमार सेठी, डीडीएम नाबार्ड हिमांशु खत्री सहित बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद थे।



सोनीपत। बैठक के दौरान अधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

#### शिकायतों का समय पर निपटारा करें

नगराधीश ने कहा कि अधिकारी व बैंकर्स सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों का समय पर निपटारा करने के साथ-साथ अपनी एटीआर समय पर भरें। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के तहत बैंकों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण देना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी-आरसेटी) की भी समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अधिकाधिक युवाओं को स्व-रोजगार के लिए प्रशिक्षण प्रदान करें। इसके लिए जागरूकता कैंप भी लगायें।